MSW-007
MSW-008
MSW-009
MSW-017
MSWE-001
MSWE-002
MSWE-003
MSWE-007
MSW-010

समाज कार्य में स्नातकोत्तर उपाधि

(एम.एस.डब्ल्यू. द्वितीय वर्ष)

सत्रीय कार्य : 2026–2027

पाठ्यक्रम शीर्षक

एम.एस.डब्ल्यू–007	:	वैयक्तिक कार्य एवं परामर्शः व्यक्तियों के साथ कार्य करना
एम.एस.डब्ल्यू–008	:	सामाजिक समूह कार्य : समूहों के साथ कार्य करना
एम.एस.डब्ल्यू–009	:	सामुदायिक विकास के लिए समुदाय संगठन प्रबंधन
एम.एस.डब्ल्यू.–017	:	समाज कार्य के समकालीन तरीके और मूल्य
एम.एस.डब्ल्यू.ई.–001	:	एचआईवी/एड्स : कलंक, भेदभाव और रोकथाम
एम.एस.डब्ल्यू.ई.–002	:	महिला और बाल विकास
एम.एस.डब्ल्यू.ई.–003	:	आपदा प्रबंधन
एम.एस.डब्ल्यू.ई.–07	:	अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य

अध्ययन केंद्र में सत्रीय कार्य जमा कराने की अन्तिम तारीखः
जुलाई, 2026 सत्र – मार्च 31, 2027
जनवरी, 2027 सत्र – सितम्बर 30, 2027

नोट : कृपया उन पाठ्यक्रमों के सत्रीय कार्य लिखें जिन्हें आपने चुना है।

इग्नू
जन-जन का विश्वविद्यालय
समाज कार्य विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110 068

प्रिय शिक्षार्थी,

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के एम.एस.डब्ल्यू. (द्वितीय वर्ष)कार्यक्रम में आपका स्वागत है। आपने समाज कार्य में स्नातकोत्तर होने के लिए यह कार्यक्रम एक उद्देश्य के साथ चुना है ताकि आप मानवजाति की सामाजिक दशाएं सुधार सकें। एम.एस.डब्ल्यू. कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए, कृपया निम्नलिखित बातों का पालन करें:

- अपना अध्ययन आरंभ करने से पहले कार्यक्रम दर्शिका को पढ़िए। इससे इग्नू के एम.एस.डब्ल्यू. अध्ययन करने के बारे में आपके अधिकतर संदेह दूर हो जाएंगे।
- आप अपने सत्रीय कार्य अपने अध्ययन केंद्र में समय पर जमा कराएं।
- अपने अध्ययन केंद्र और क्षेत्रीय केंद्र के संपर्क में रहें।
- क्षेत्र कार्य पर्यवेक्षण के लिए अध्ययन केंद्र में अपने क्षेत्र कार्य पर्यवेक्षक से मिलें।
- परीक्षा फार्म समय पर भरें।

सत्रीय कार्य एक खुली किताब है और हम इग्नू में प्रत्येक पाठ्यक्रम के समग्र ग्रेड की गणना करते समय सत्रीय कार्यों के लिए 30% भारित देते हैं। **सत्रीय कार्य हस्तलिखित और स्वहस्ताक्षरित होने चाहिए।** सत्रीय कार्य–प्रतिक्रिया का एक अच्छा सेट तैयार करने के लिए आप उन सभी अध्यायों को पढ़े जिनमें से सवाल तैयार किए गए हैं। आप अपने सहकर्मी, शैक्षिक परामर्शदाताओं और प्रोफेसरों के साथ चर्चा करें, जिन्होंने आपको पढ़ाया है। मसौदा तैयार करें, उस पर आवश्यक सुधार करें और तब अंतिम संस्करण अध्ययन केंद्र में प्रस्तुत करने के लिए तैयार करें।

हर सवाल का जवाब देने के लिए नया पृष्ठ शुरू करें। लंबे और मध्यम जवाब देने के लिए एक परिचय, मुख्य भाग के लिए एक उप–शीर्षक और एक निष्कर्ष हो। प्रत्येक अनुच्छेद के बीच एक लाईन छोड़ें। आपके जवाब विशिष्ट हों और आपके अपने शब्दों में हो, यह किताब की नकल ना हो। आपके उत्तर इग्नू के पठन सामग्री पर आधारित हों। सत्रीय कार्य आपके सत्रांत परीक्षा की तैयारी है, इसलिए इसे गंभीरतापूर्वक लें।

डॉ. जी दिलीप दिवाकर
(कार्यक्रम समन्वयक)

आपदा प्रबंधन
सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रम कोड : एम.एस.डब्ल्यू.ई.–003
कुल अंक–100

नोट : i) सभी **पांचों** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
ii) सभी **पांचों** प्रश्नों के अंक समान हैं।
iii) प्रश्न सं. **1** और **2** के उत्तर, प्रत्येक के **600** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।

1) आपदाओं' को परिभाषित करें। आपदा संभावित क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार की आपदाओं की व्याख्या कीजिए। 20

अथवा

आपदाओं पर अलग–अलग दृष्टिकोण को उजागर करें। 20

2) भूस्खलन की सामान्य विशेषताओं की चर्चा कीजिए। भारत के कौन से क्षेत्र भूस्खलन की चपेट में हैं? भूस्खलन के प्रभाव को कैसे कम किया जाए? 20

अथवा

आप आपदा के बाद के प्रबंधन से क्या समझते हैं? आपदा के बाद के सुधार के सिद्धांतों और दृष्टिकोण के बारे में लिखें। 20

3) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों का उत्तर (**300** शब्दों में) दीजिए:

क) सूखे की सामान्य विशेषताओं की चर्चा कीजिए। सूखे को कैसे वर्गीकृत किया जाए? सूखे जैसी स्थितियों का प्रबंधन कैसे किया जाए? 10

ख) जोखिम,खतरा,भेद्यता और क्षमता के बीच संबंध का वर्णन करें। 10

ग) भारत के नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने की त्रिस्तरीय प्रणाली के बारे में लिखें? 10

घ) क्या आपको लगता है कि आपदाओं के प्रबंधन के लिए क्षति का आकलन महत्वपूर्ण है? क्यों? 10

4) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों का उत्तर (**150** शब्दों में) दीजिए:

क) जल–मौसम संबंधी आपदा और भूगर्भीय खतरों पर चर्चा करें। 5

ख) क्षति मूल्यांकन को परिभाषित करें और मूल्यांकन के उद्देश्यों को सूचीबद्ध करें। 5

ग) शमन के किन्हीं तीन लक्ष्यों का उल्लेख करें। 5

घ) क्षति निर्धारण की प्रक्रिया में गतिविधियों के अनुक्रमों का वर्णन कीजिए। 5

ङ) अस्पताल आपदा प्रबंधन योजना (एचडीएमपी) के बारे में एक टिप्पणी लिखें। 5

च) महिलाओं पर आपदाओं के प्रभाव के मूल्यांकन को कौन से कारक नियंत्रित करते हैं? 4

5) निम्नलिखित में से किन्हीं **पांच** पर संक्षिप्त टिप्पणियां (**100** शब्दों में) लिखिए:

क) राहत प्रबंधन–अंतर्राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य 4

ख) मूल्यांकन के लिए ECLAC पद्धति 4

ग) आपदाओं में स्वास्थ्य सेवाए 4

घ) खतरे की पहचान और जोखिम मूल्यांकन में शामिल कदम 4

ङ) आपदा राहत कोष (CRF) 4

च) उष्णकटिबंधीय चक्रवात के लिए चेतावनी प्रणाली के चार चरण 4

छ) आकस्मिक बाढ़ 4

ज) मीठे पानी के पारिस्थितिकी तंत्र द्वारा प्रदान की जाने वाली वस्तुएं और सेवाएं 4